नैनीसैनी एयरपोर्ट को जारी हुआ एरोड्रम लाइसेंस

चर्चा में क्यों

13 जून, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उत्तराखंड नागरिक उडन्न्यन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) के अंतर्गत राज्य के सीमांत जिले पिथौरागढ़ के नैनीसैनी एयरपोर्ट के लिये एरोड्रम लाइसेंस जारी कर दिया है।

प्रमुख बिंदु

- एरोड्रम लाइसेंस मिलने से सीमांत जिले पिथौरागढ़ के नैनीसैनी एयरपोर्ट से अब नागरिक विमान भी उड़ान भर सकेंगे।
- विदित है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीसैनी एयरपोर्ट को एरोड्रम लाइसेंस देने का अनुरोध किया था।
- राज्य सरकार ने इस एयरपोर्ट के संचालन का जिम्मा वायुसेना को सौंप रखा है। अब वायु सेना के विमान के साथ इस एयरपोर्ट से नागरिकों की सुविधा के लिये व्यावसायिक विमान भी उड़ान भर सकेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/aerodrome-licence-issued-to-naini-saini-airport